लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5547

06 अप्रैल, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र उद्योग की वस्तुओं की मांग में कमी

5547. श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अपने मेक इन इंडिया अभियान के तहत निवेश आकर्षित करने के अपने प्रयासों के बावजूद, विनिर्मित वस्तुओं विशेषकर वस्त्रों की बिक्री में 2016-17 से लगातार गिरावट आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या विमुद्रीकरण से पहले भी वस्त्र से बनी वस्तुओं की मांग घट रही थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने ऐसी गिरावट के कारणों की जांच की है और यदि हां, तो निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है;

(ड़) क्या वस्त्र कंपनियों को 2019 में अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती की सूचना मिली थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा विनिर्माण क्षेत्र, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 15-16 प्रतिशत है और 12 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार मुहैया कराता है, का सहयोग करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (घ): महोदय, ऐसी कोई गिरावट नहीं देखी गई है। कोविड -19 महामारी के प्रतिकूल प्रभाव के कारण वर्ष 2020-21 को छोड़कर वर्ष 2016-17 से वस्त्र क्षेत्र में समग्र उत्पादन में बढ़ता हुआ रूझान दिखाई दे रहा है। इसे वस्त्र क्षेत्र के घटकों से संबंधित निम्नलिखित आंकड़ों से देखा जा सकता है:

वस्तु	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21 (अनंतिम)
स्पन यार्न (मिलियन किग्रा.)	5,659	5,680	5,890	5,664	5,146
मानव निर्मित फाइबर (मिलियन किग्रा.)	1,364	1,319	1,442	1,898	1,610
मानव निर्मित फिलामेंट यार्न	1,159	1,187	1,160	1,688	1,326

(मिलियन किग्रा.)					
क्लाथ (मिलियन वर्ग मीटर)	63,480	66,845	70,070	75,106	70,445

(ङ): जी नहीं,

(च): सरकार क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ाने के लिए संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस), प्रधान मंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम-मित्र), वस्त्र के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी), राज्य और केंद्रीय करों और लेवियों में छूट (आरओएससीटीएल), सिल्क समग्र, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम योजनाएं आदि जैसी विभिन्न नीतिगत उपायों और योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है।

*****